विज्ञापन संख्या....09..../2023

**बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर**

दिनांक– 09-08-2023

बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर स्थित वॉच टॉवर संख्या–05 के बगल के तालाब में मछली पालन कर बिक्री किया जाना है। तालाब की एरिया **1100X115** स्कवायर फिट है। उक्त तालाब में करीब 1000 किलोग्राम या इससे अधिक मछलियों को पाला जा सकता है, जिसका न्यूनतम बेस रेट 1,50,000/– रूपया है। सबसे उच्चतम राशि की बोली लगाने वाले निविदादाता को ही तालाब आवंटन किया जाएगा। तालाब के मछली को पालन कर बेचने हेतु उक्त तालाब का खुली निविदा के माध्यम से आवंटन किया जाना है। इच्छुक निविदादाता इस संबंध में अपना निविदा डाल सकते हैं।

## निविदा डालने की संक्षिप्त प्रकिया :–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक–..25../..08../2023<br>समय 17.00 बजे अपराहन |
| 02 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–..28../..08../2023<br>समय 11.00 बजे पूर्वाहन |

1. सभी निविदादाता अपनी–अपनी निविदा पुलिस अधीक्षक सह सहायक निदेशक (प्रशिक्षण) बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के नाम से दिनांक–....../........./2023 के समय 17.00 बजे तक अपनी–अपनी निविदा बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में निर्धारित निविदा बॉक्स में जमा कर सकते हैं।
2. निविदा में भाग लेने वाले निविदाकर्ता, निविदा खोलने की तिथि को बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में स्वयं उपस्थित रहेंगे अथवा प्राधिकृत व्यक्ति को भेज सकते हैं, जो अपना पहचान पत्र भी साथ में रखेंगे।
3. तालाब का आवंटन 12 माह के लिए किया जाएगा। 12 महीनें की अवधि एकरारनामा पर हस्ताक्षर की तिथि से मानी जाएगी।
4. आपके अच्छे सेवा प्रदाता होने पर अधिकतम दो बार 12–12 माह के लिए तालाब का पुनः आवंटन पर विचार किया जा सकता है। यह अधिकार अकादमी के पास सुरक्षित रहेगा।
5. निविदा का चयन खुली माध्यम से किया जाएगा, जो निविदादाता अकादमी को सर्वोच्च लाभ देंगे उस निविदादाता को तालाब आवंटन किया जाएगा।
6. निविदा में चयन होने के उपरांत चयनित निविदादाता को तालाब आवंटन हेतु जमानत राशि के रूप में 50,000/–(पचास हजार) रूपया अकादमी में जमा करना होगा।
7. अन्तिम रूप से चयनित निविदादाता को उक्त तालाब के लिए लगायी गयी बोली की राशि एकरारनामा हस्ताक्षरित होने के समय एक बार में जमा करना होगा।
8. निर्धारित समयावधि के बाद आने वाले निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
9. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता के पास मछली पालन/वितरण का लाईसेंस होना अनिवार्य है।

10. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता मछली का पालन/बिक्री स्वयं/अपनें कर्मियों के द्वारा करना होगा।

11. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता के पास जी0एस0टी0 अपडेट होना अनिवार्य है।

12. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता के पास चरित्र प्रमाण–पत्र होना अनिवार्य है।

13. अन्तिम रूप से चयनित निविदादाता को अकादमी परिसर को गंदा करने की अनुमति नहीं है। उन्हे उपयोग किये जाने वाले परिसर को साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा।

14. अन्तिम रूप से चयनित निविदादाता को परिसर में अपने स्टाफ के बिना पहचान पत्र के प्रवेश नही दिया जाएगा। निविदादाता अपने--अपने सभी स्टाफ का सत्यापन स्वयं करते हुए इस संबंध में आवेदन देकर उनका अकादमी में प्रवेश प्राप्त करेंगे और उसके साथ–साथ यह लिखना होगा कि यह पहचान पत्र केवल अकादमी के परिसर में प्रवेश के लिए ही मान्य है। यह पहचान पत्र अकादमी द्वारा प्राधिकृत पुलिस पदाधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित होना चाहिए।

15. अन्तिम .रूप से चयनित निविदादाता को किसी भी परिस्थिति में मादक द्रव्यों के साथ प्रवेश करने/सेवन करने के अनुमति नहीं होगी। उनके/उनके कर्मी द्वारा इस तरह के कृत्य में संलिप्त हाने/पाये जाने पर तत्काल उनके एकरारनामा रद्द करने की कार्यवाई की जाएगी।

16. निविदा में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।

17. पुलिस उप महानिरीक्षक सह उप निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर को निविदा में किसी शर्त का शिथिल करने/स्वीकृत करने/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

18. यह निविदा एवं नियमावली अकादमी के वेबसाइट www.bpa.bihar.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

09.8.23

पुलिस अधीक्षक सह सहायक निदेशक (प्रशिक्षण)
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।

## आवेदन पत्र का प्रपत्र

1. **फर्म एवं प्रकार**
   (जिसके लिए आवेदन दिया जा रहा है)

पासपोर्ट साईज एक फाटो

2. **आवेदक का नाम :**
   (व्यक्ति / एंजेसी / फर्म इडिभिजुअल:
   संबंधित कागजात की प्रतिलिपि संलग्न करें)

3. **पिता का नाम** :

4. **वर्तमान एवं स्थाई पता :**
   (मोबाईल नं0 सहित)

5. **अनुभव / दक्षता :**

6. **लाईसेन्स विवरणी :**

### तालाब आवंटन की शर्तें (तकनिकि बिड)

1. सभी निविदा कर्ता को प्रपत्र के साथ मछली पालन दुकान / प्रतिष्ठान का जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं **GST** का अद्यतन छायाप्रति, पुलिस चरित्र सत्यापन रिपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।
2. निविदाकर्ता को पूर्व सरकारी प्रतिष्ठानों / गैर सरकारी प्रतिष्ठान में मछली पालन करने / सप्लाई / कार्य करने का अनुभव / दक्षता की छायाप्रति संलग्न करें।
3. निविदा में भाग लेने हेतु निविदाकर्ता को 2,000 / –(दो हजार) **(Non-refundable)** रूपये का पुलिस अधीक्षक सह सहायक निदेशक (प्रशिक्षण), बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर को भुगतेय बैंक ड्राफ्ट जो राजगीर स्थित किसी बैंक में भुगतान किया जा सके, जमा करना होगा।
4. निविदाकर्ता का अन्डरटेंकिंग :

   - मेरे द्वारा निविदा नियमावली एवं अन्य नियम तथा शर्त अच्छी तरह पढनें / समझने के उपरांत यह आवेदन दिया जा रहा है। अकादमी द्वारा निर्धारित सभी नियमों / शर्तों के अनुसार आवंटित तालाब की संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करनें का आश्वासन देता हूँ।
   - मेरे द्वारा इस आवेदन में भरे गये सभी तथ्य / संलग्न अभिलेख तथा प्रमाण पत्र मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। निविदा में किसी स्तर पर गलत पाये जाने पर अकादमी यथोचित आवश्यक कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**